
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 02 अंक :- 14 मुरादाबाद 06 May 2022 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## प्रधानमंत्री मोदी की अहम बैठक, हीट वेव मैनेजमेंट और मानसून की तैयारियों का लिया जायजा



यूरोपीय देशों की तीन दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निपटने और मानसून से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। मौजूदा वक्त में देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। हालांकि दिल्ली समेत उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बुधवार को हुई ओलावृष्टि और बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार से उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में एकबार फिर तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा।बीते दिनों उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में औसत अधिकतम तापमान क्रमशः 35.9 और 37.78 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। देश के दोनों क्षेत्रों में 122 वर्षों में सबसे गर्म अप्रैल दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि का कहना है कि सात मई के बाद हीटवेव के लौटने की संभावना है। भारत में खास तौर पर मई के महीने में आमतौर पर सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। इस साल उत्तर भारत में मार्च के अंत में हीटवेव शुरू हुई और अप्रैल के पहले हफ्तों में फैल गई। हालांकि वैज्ञानिकों का कहना है कि इस क्षेत्र में अप्रैल से जून तक प्री-मानसून सीजन के दौरान हीटवेव असामान्य नहीं है। सनद रहे कि इस साल मार्च में औसत तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस था जो 1902 के बाद से अब तक का सबसे गर्म मार्च के तौर पर दर्ज किया गया। इस साल अप्रैल में दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। यह तापमान अप्रैल के सामान्य उच्च तापमान की तुलना में काफी अधिक है। मौसम विभाग की मानें तो इस साल देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि मध्य भारत, हिमालय की तलहटी और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश भी हो सकती है।

## झांसी में अखिलेश यादव बोले-चाचा शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी के सदस्य नहीं, हम तो आजम खां के साथ



झांसी-समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने झांसी में चाचा (शिवपाल सिंह यादव) को लेकर गुरुवार को बड़ा बयान दिया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो चाचा को अपनी पार्टी यानी समाजवादी पार्टी का सदस्य ही नहीं मान रहे हैं। सीतापुर जेल में बंद आजम खां के बारे में उन्होंने कहा कि हम हर स्तर पर उनके साथ हैं। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य शिवपाल सिंह यादव को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा कि चाचा (शिवपाल सिंह यादव) तो समाजवादी पार्टी के सदस्य ही नहीं हैं। उनको समाजवादी पार्टी की चिंता करने कर जरूरत नहीं है। चाचा अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। शिवपाल सिंह यादव को भाजपा से मिला बताने वाले अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और उन्हें अपने दल को मजबूत करना चाहिए। वह बेकार में समाजवादी पार्टी पर ध्यान दे रहे हैं। अखिलेश यादव इतने पर ही नहीं रुके और उन्होंने कहा था कि जो भाजपा से मिल गया है वह समाजवादी पार्टी में नहीं रह सकता है। सपा अध्यक्ष ने यह भी पूछा कि भाजपा उनके चाचा को शामिल करने में देर क्यों कर रही है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पाटी तो उनका दल है। वह उस दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष है। विधानसभा चुनाव में इटावा के जसवंतनगर से मैदान में उतरने के लिए समाजवादी पार्टी ने उन्हें केवल सिंबल दिया और जब कोई सिंबल देता है तो सदस्य बनाना पड़ता है। अब सिंबल देने का मतलब यह तो नहीं कि कोई उस दल को अपनी पार्टी ही बताने लगे। अखिलेश यादव ने झांसी में समाजवादी पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ताओं से जनता के लिए संघर्ष करने को कहा। कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के लिए संघर्ष करो। इस सरकार में अपराध तेजी से बढ़ रहा है जो पीड़ित हैं उनके साथ कार्यकर्ता पूरी लड़ाई लड़ें। पार्टी को मजबूत करना है इसके लिए जनता के बीच में रहे।

## काशी की तर्ज पर यूपी की 13 सहायक नदियों पर होगी 'गंगा आरती', योगी सरकार का फैसला



उत्तर प्रदेश में काशी में होने वाली गंगा आरती की तर्ज पर गंगा की सहायक नदियों पर भी आरती का आयोजन करने की तैयारी हो रही है। काशी से प्रयागराज और बिठूर में गंगा नदी के तट पर हर शाम होने वाली गंगा आरती का दायरा बढ़ाकर 13 नदियों तक किया जाएगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल गंगा स्वच्छता अभियान को विस्तार देते हुए गंगा नदी के साथ उसकी सहायक नदियों को भी संरक्षित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। इसके लिये नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा को स्वच्छ बनाने में जुटी योगी सरकार की नई योजना से सहायक नदियों के घाटों की भी सूरत बदली जायेगी।राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा से मिलने वाली रामगंगा, बेतवा, घाघरा, सरयू, राप्ती, वरुणा, काली, यमुना, हिंडन, गर्रा, केन, गोमती और सई के नदी के घाटों की सूरत बदली जाएगी। इन्हीं नदियों के घाटों को गंगा आरती के व्यापक दायरे में शामिल किया जायेगा। इसके तहत नदी के किनारे बने पुराने घाटों को संवारने के साथ गंगा किनारे के गांवों में गंगा मेले जैसे आयोजन भी शुरू होंगे। इस संबंध में नमामि गंगे परियोजना से इन घाटों की सूरत बदलने की योजना को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश अफसरों को दिये गये हैं। गंगा नदी के किनारे घाटों को सुंदर बनाने, नये घाटों को विकसित करने और नदी किनारे बसे गांव में गंगा मेला जैसे आयोजन की कार्ययोजना को तेजी से पूरा करने के लिये कहा गया है। गौरतलब है कि प्रदेश में बिजनौर से शुरू होकर काशी, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते बलिया होकर बिहार जाने वाली गंगा में गिरने वाले नालों को बड़े स्तर पर अभियान चलाकर राज्य सरकार ने या तो रोक दिया है या उनको टैप कर दिया गया है। परियोजना से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि यहां बड़े-बड़े एसटीपी बनाये गये हैं और कई जगह पर गंगा में गिरने वाले नालों को बंद करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सरकार का ध्यान अब गंगा में मिलने वाली नदियों के प्रदूषण को रोकने पर है। इससे गंगा को और स्वच्छ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि तय योजना के मुताबिक प्रदेश भर में गंगा में कही न कहीं मिलने वाली नदियों को प्रदूषण मुक्त करने का बीड़ा उठाया गया है। इन नदियों में गिरने वाले सीवेज को चिह्नित करके उनको बंद करने के साथ नदी के दोनों किनारों पर बसे गांव, शहरों और कालोनियों के लोगों को जागरूक करने के प्रयास शुरू होंगे। नदियो के घाटों को सुंदर बनाकर स्थानीय लोगों को सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक रूप से जोड़ने की अनूठी योजना भी बनाई गयी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# लोहिया अस्पताल के पीकू वार्ड में एक बीमार बच्चा कोरोना पॉजिटिव निकला

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद-पीकू वार्ड में बीमार बच्चा निकला कोरोना पॉजिटिव लोहिया अस्पताल के पीकू वार्ड में एक बीमार बच्चा कोरोना पॉजिटिव निकला। पीकू वार्ड में बीमार बच्चा निकला कोरोना पॉजिटिव लोहिया अस्पताल के पीकू वार्ड में एक बीमार बच्चा कोरोना पॉजिटिव निकला। इसे पांच अन्य बच्चों के साथ ही वार्ड में भर्ती किया गया था। बच्चे के संक्रमित होने से वार्ड में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य कर्मियों की जांच पड़ताल को देखते हुए संक्रमित बच्चे को अभिभावक लेकर चले गए। गुरुवार की सुबह 10.30 बजे करीब गुंजन बिहार कालोनी निवासी एक व्यक्ति अपने डेढ़ साल के बेटे को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल के पीकू वार्ड में पहुंचे। डॉ.विवेक सक्सेना ने बच्चे को देखा और इलाज के लिए अन्य बच्चों के साथ ही उसे भी अलग बेड पर भर्ती कर लिया। बच्चे का जब एंटीजन टेस्ट संक्रमण का पता लगाने के लिए किया गया तो वह कोरोना पॉजिटिव निकल आया। आनन फानन में बच्चे का आरटीपीसीआर के लिए सैंपल हुआ। इस बीच जब स्वास्थ्य कर्मियों की जांचों को संक्रमित बच्चे के पिता ने देखा तो वह अपने बच्चे को यहां से लेकर चले गए। बाद में पीकू वार्ड के जिस बेड पर बच्चा लेटा था उसे सेनेटाइज कराया गया। करीब एक घंटे तक अस्पताल में बच्चे को लेकर हलचल मची रही। डॉ.विवेक सक्सेना ने बताया कि बच्चे का जब एंटीजन टेस्ट हुआ तो वह पॉजिटिव निकला। इस पर उसे आईसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया। इस बीच बच्चे को उसके पिता लेकर चले गए। उन्होंने बताया कि बच्चे का जो पता है उसको लेकर स्वास्थ्य टीम को जानकारी दे दी गयी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# लोहिया पुरुष अस्पताल का गुरुवार को प्रशिक्षु एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- लोहिया पुरुष अस्पताल का गुरुवार को प्रशिक्षु एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया। आर्थो सर्जन का कक्ष खाली पड़ा मिला। कोविड को देखते हुए पीकू वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट की भी व्यवस्थाएं देखीं। सीएमएस से कहा कि मास्क और सेनेटाइजर का पर्याप्त इंतजाम रखें। दोपहर 12.10 बजे के करीब प्रशिक्षु एसडीएम ऋषभ वर्मा लोहिया अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे। सीएमएस से मिले। उनको साथ लेकर अस्पताल की व्यवस्थाओं को परखने के लिए निकले। ओपीडी में आर्थो सर्जन का कक्ष खाली पड़ा था। इस पर सीएमएस ने उन्हें बताया कि एक डॉक्टर ओटी में गए हैं जबकि दूसरे वार्ड में भर्ती मरीजों को देख रहे हैं। इस पर प्रशिक्षु एसडीएम ने कहा कि एक डॉक्टर को कक्ष में बैठना चाहिए। इसके बाद उन्होंने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अजय से जानकारी की कि किस तरह के मरीज आ रहे हैं। डॉक्टर ने बदले मौसम में जिस तरह के मरीज आ रहे हैं उसको लेकर जानकारी दी। एसडीएम ने पीकू वार्ड, आक्सीजन प्लांट को भी जाकर देखा। एसडीएम ने बताया कि जो व्यवस्थाएं ठीक नहीं मिली हैं उनको ठीक करने के लिए कह दिया गया है। सीएमएस ने डॉक्टर्स की कमीं बतायी है।

# नाजायज देशी बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- इकौना प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण पर थे कि मु0अ0सं0 101/2022 धारा 307 भा0द0वि0 (थाना इकौना) से संबंधित अभियुक्त तेज प्रताप सिंह पुत्र श्री सुंदर सिंह निवासी धर्मपुर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर ग्राम धर्मपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद नाजायज देशी बंदूक, 01 अदद खोखा व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर थाना इकौना पर मु0अ0सं0 0104/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया।

# मोहनीपुर सचिवालय का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सचिवालय मोहनीपुर में चोरों ने कमरे के कुंडे का ताला तोड़ दिया।

इसके बाद चोर दरवाजा खोल कर अन्दर घुस गए। इसके बाद चोरों ने सचिवालय में लगे सीसीटीवी कैमरा, एलसीडी, पूरा सिस्टम कंप्यूटर, सौर ऊर्जा चार्जर, इन्वर्टर, दो बैट्रा चोरी कर ले गए। जबकि सचिवालय के एक कमरे में लगे ताले को तोड़ने में चोर नाकाम रहे। सुबह जब सचिवालय में पंचायत मित्र पूनम ड्यूटी पर पहुंची तो देखा कमरे का कुन्डा टूटा हुआ था और कमरे में कंप्यूटर सहित सीसीटीवी एलसीडी कंप्यूटर आदि सारा सामान गायब था। घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी गई। चोरी की सूचना पाते ही ग्राम प्रधान व गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके बाद ग्राम प्रधान दिलीप यादव पुत्र बच्छराज यादव ने थाना इकौना को सूचित किया। सूचना के बाद थाना प्रभारी इकौना ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बताया जाता है कि चोरों ने करीब ढाई लाख का सामान चोरी किया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती थाना क्षेत्र के ग्राम महजिदिया निवासी राजेश सिंह पुत्र जय प्रकाश सिंह गिलौला क्षेत्र में रिस्तेदार के यहां शादी समारोह में गया था। समारोह में शामिल होने के बाद राजेश देर रात घर वापस लौट रहा था।

गिलौला इकौना नेशनल हाईवे मार्ग पर स्थित मलावां गांव के पास अज्ञात वाहन ने राजेश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह बाइक समेत गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे काफी देर तक घटनास्थल पर पड़ा रहा। इस दौरान वहां से कुछ राहगीर निकल रहे थे तो उनकी नजर सड़क किनारे खून से लथपथ पड़े राजेश पर पड़ी। इस पर राहगीर रुक गए और घायल को ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना में भर्ती कराया। साथ ही लोगों की ओर से घायल के परिजनों को सूचना दी गई तो परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया।

# वारदात करने वाले तीन शातिर चोर मुठभेड़ में गिरफ्तार- लाखों रुपए कीमती जेवरात व शस्त्र बरामद

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




फर्रुखाबाद-जिले की पुलिस ने चोरी की वारदात करने वाले तीन शातिर चोरों को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार कर लाखों रुपए कीमती जेवरात व अबैध शस्त्र बरामद किए हैं। थाना मऊ दरवाजा के इंस्पेक्टर ने कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला धीमरपुरा निवासी विवेक सक्सेना पुत्र राकेश, मोहल्ला नुनहाई निवासी शिवम राजपूत उर्फ बड़े पुत्र रामप्रकाश एवं मोहल्ला नौनमगंज निवासी मोनू राजपूत पुत्र हरिश्चंद्र को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पेश किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना मऊदरवाजा की पुलिस ने इन शातिर चोरों को ग्राम गढ़िया अंडर पास के निकट मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। जिनके पास 12070 रुपए, 5 लाख कीमती सोने चांदी के जेवरात व तमंचा कारतूस बरामद किए गए। इन चोरों का बड़ा गिरोह है जमानत पर छूटकर यह लोग दिल्ली चले जाते हैं। जब यह लोग तारीख करने जिले में आते हैं सभी साथियों के सहयोग से चोरी की वारदातें करते हैं। ये चोर घरों में खाना भी खाते और गंदगी भी करते हैं जिसे पुलिस बाहर के गिरोह होने का संदेह करे। इन चोरों ने थाना मऊदरवाजा एवं कोतवाली फर्रुखाबाद की 8 चोरी की वारदातों का इकवाले जुर्म इकरार किया है । एक आरोपी का गैंगस्टर में भी चालान हो चुका है आरोपी विवेक पर 24 शिवम पर 12 एवं मोनू पर 10 मुकदमे दर्ज हैं। इन चोरों के गिरोह का पंजीकरण कर गैंगस्टर की कार्यवाही की जाएगी संपत्ति की जानकारी कर जप्त कर ली जाएगी। श्री मीणा ने एक सवाल के जवाब में बताया कि चोरी के जेवरात खरीदने वालों की जांच की जाएगी उन लोगों के विरुद्ध भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। एसपी ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर को निर्देश दिए कि इन चोरों की फोटो खींच कर अपराधियों की फाइल में लगाई जाए वार्ता के दौरान सीओ सिटी प्रदीप सिंह मौजूद रहे। पकड़े गए चोरो ने निम्न लोगों के यहां से चोरी की वारदातें कबूल की है। मोहल्ला कछियाना निवासी विमलेश मिश्रा के किराएदार ब्रजेश कुमार अवस्थी के बंद मकान से नकदी जेबरात चोरी। मोहल्ला दीनदयाल बाग निवासी आमोद सिंह के बंद मकान से नकदी जेवरात चोरी। नाला बघार गढिया स्थित रोहित के जनसेवा केंद्र से इनवर्टर बैटरी आदि सामान चोरी। ग्राम गढ़िया निवासी राकेश कुमार एवं महेश बाथम के घर से जेवरात व मोबाइल फोन चोरी। गढ़िया निवासी संयोग कुमार के घर से मोबाइल फोन व जेवरात चोरी। ढिलावल निवासी नीरज कुमार के घर से मोबाइल फोन चोरी। मोहल्ला शमशेर खानी निवासी सुरेश चंद के घर से जेवरात चोरी। अशोक कुमार मीणा जी की वाइफ

# शादी समारोह कार्यक्रम में आकर कुछ अज्ञात लोगों ने शराब के नशे में एक युवक के साथ की मारपीट

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- शादी समारोह कार्यक्रम में मामूली सी बात को लेकर हुई कहासुनी मैं कुछ अज्ञात लोगों ने शराब के नशे में शादी समारोह कार्यक्रम मे घुसकर एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर डाली वही मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वही मारपीट में घायल युवक ने सिविल लाइंस पुलिस को मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ एक शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है दरअसल बताया जा रहा है दें मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्वयंवर बैंकट हॉल में शादी समारोह कार्यक्रम के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने आकर एक युवक पर जानलेवा हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हुए व्यक्ति का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराकर वही मारपीट करने वाले एक व्यक्ति को पकड़ कर अपने साथ थाने में आई वही मारपीट करने वाले बाकी लोगों की पुलिस तलाश कर रही है दरअसल बताया जा रहा है शादी समारोह कार्यक्रम में गाड़ी टक्कर लगने को लेकर शराब के नशे में कुछ लोगों ने की थी युवक के साथ मारपीट वहीं घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित व्यक्ति अंबर शर्मा ने बताया

# अधिकारी महिलाओं से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता से लें और उनका समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें-अवनी सिंह



मुरादाबाद-उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 के अर्न्तगत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीडन की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से सर्किट हाउस मुरादाबाद में आज श्रीमती अवनी सिंह मा0 सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा जागरुकता चैपाल शिविर का आयोजन एवं महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती अवनी सिंह ने महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि महिलाओं से संबंधित मामलों को अधिकारी गम्भीरता से लें और निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से संबंधित 17 प्रकरण प्राप्त हुए। सदस्या राज्य महिला आयोग ने संबंधितों को प्रकरणों में पीडित महिलाओं के प्रति सहानुभूति वरतते हुए पीडितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। सर्किट हाउस में मा0 सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-4 के अर्न्तगत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरुकता चैपाल शिविर एवं महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न प्रकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा , योजनाओं से संबंधित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं में यथा संभव पंजीकरण भी कराया गया। जागरुकता शिविर के माध्यम से पीडित परिवारों एवं अन्य सुपात्र परिवारों की महिलाओं को उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा निराश्रित महिलाओं को पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित, बालिकाओं को लाभ दिलाए जाने, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना से जनपद की महिलाओं को लाभान्वित कराये जाने के संबंध में, जनपद में उत्तर प्रदेश बाल सेवा से लाभान्वित परिवारों / बालिकाओं के संबंध में नियत तिथि पर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु संबंधित के निर्देशित किया और उन्होंने महिलाओं को कोविड वैक्सीनेशन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इच्छुक पीडित महिलाएं अपने वादों का लोक अदालत में आकर सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करा सकती हैं। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्टेªट द्वितीय मनीष चैधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी शलोनी अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनुपमा शाडिल्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, अरविन्द चर्तुवेदी, जसवन्त सिंह एड0, मो0 शफी एड0, सुरेश चन्द्र सागर एड0, शिव कुमार गौतम एड0, एंटी रोमियों एवं महिला कल्याण विभाग की काउंसलर, वरिष्ठ लिपिक शिव कुमार सक्सेना आदि उपस्थित थे।

# बाबा का बुलडोजर चलाकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन शादी हॉल को किया क्षतिग्रस्त



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद के ताजपुर क्षेत्र में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने की बड़ी कार्रवाई बाबा का बुलडोजर चलाकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन शादी हॉल को किया क्षतिग्रस्त उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ताजपुर माफी मैं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बन रहे शादी हॉल पर बुलडोजर चलाया तो कुछ लोगों ने किया विरोध वही जानकारी देते हुए विकास प्राधिकरण द्वारा बताया गया अवैध रूप से बने निर्माणाधीन शादी हॉल का नक्शा पास नहीं था जिसको लेकर यह कार्यवाही की जा रही है मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की इस कार्यवाही को देख अवैध रूप से बने शादी हॉल स्वामी ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर विरोध करने लगे सूचना पर मौके पर पहुंची भारी पुलिस बल पहुंच मुरादाबाद के भोजपुर थाना इलाके के ताजपुर माफी इलाके में की गई मुरादाबाद विकास विभाग की बड़ी कार्रवाई से इलाके में मचा हड़कंप

WWW.KNLSLIVE.COM

# डिलारी ब्लॉक सभागार आग से बचाव को अग्निशमन विभाग की बैठक- हेल्पलाइन नंबर 101 के प्रति किया जागरूक



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- डिलारी में स्थित ब्लॉक सभागार में अग्निशमन अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों और बीडीसी मेमबर की बैठक लेकर अग्नि सुरक्षा उपाय के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कहीं पर आग लग जाए तो किस तरह बचाव करना है। इसके अलावा अपने गांव में सभी को अग्नि सुरक्षा उपाय के प्रति जागरूक भी करना है। बैठक में सभी को अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101 के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हुक्का पीने के पश्चात चिलम या आग को पूर्ण रूप से बुझाकर छोड़िए, जलते हुए बचे बीड़ी के टुकड़े को बुझा कर छोड़िये, खलिहान तालाब के निकट या पानी के साधनों के निकट स्थापित कीजिए, खलिहान से कम से कम 100 फुट की दूरी पर खाना बनाईये, खलिहान मकान या रेलवे लाइन से कम से कम 100 फुट की दूरी बनाईये, कण्डों या उपलों के ढेर को पूर्ण रूप से सूख जाने पर निवास स्थान से कम से कम 100 फुट की दूरी पर लगाइए, त्योहार पर आतिशबाजी का प्रयोग निवास स्थान से 5 सौ फुट की दूरी पर कीजिए। सभी बातों को लेकर जागरूक किया गया। बताया गया कि अग्नि सुरक्षा उपाय बहुत ही आवश्यक है, इनके प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई चिंगारी ना छोड़ो, जिससे कहीं पर आग लग जाए। आग लगने पर फायर बिग्रेड को सूचना दें। जिसमें घटनास्थल का सही पता, पानी का साधन, घटनास्थल से पानी की दूरी की सूचना जरूर दें। इस दौरान मुख्य रूप से अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा के अलावा ग्राम प्रधान रईस अहमद मुस्तफापुर , ग्राम प्रधान आरिफ ग्राम प्रधान रेखा रानी , उस्मान , ग्राम प्रधान अफजाल ,फुरकान अली आदि सहित अनेकों ग्राम प्रधान और बीडीसी मेंबर मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


संपादकीय Editorial

# Concern for harmony

No religion can teach to convert a festive atmosphere into a state of fear and tension, but the curfew imposed in ten police station areas of Jodhpur is telling that the mischief of some madmen has affected the people of such a large area of ??Rajasthan. Deprived of the joys of Eid, Akshaya Tritiya and Parshuram Jayanti. Arguably, administrative negligence has a big role in this and the Rajasthan government cannot escape from this misfortune. Exactly a month ago, the Karauli city of the state was in the grip of communal riots. Then there were reports of clashes between two communities from some places during the Ram Navami procession, and now yesterday's incident shows that the state administration was not vigilant enough. That too, when the state government will be well aware of the fact that such incidents will act as fertilizer in religious polarization in view of the assembly elections to be held next year. The Rajasthan government can learn from Uttar Pradesh in the management of religious affairs. The example of administrative strictness and community cohesion that this state has set in the last few months should be exemplary for other states. Chief Minister Yogi had given strict orders to the administrative officers that no event should be organized by stopping the traffic, and for this, arrangements should be ensured by contacting the religious leaders of all religions. If the administration is fair, then there is no scope for any community to complain. The manner in which the Uttar Pradesh government has implemented the order of the Supreme Court regarding the use of loudspeakers is an example. Their managements have set an example by automatically removing more than one lakh unauthorized loudspeakers and sound-amplifying devices from temples and mosques. The success of democracy is also in that the people rule, and the system should be only in the role of a helper. But this ideal situation can arise only when the ruling leadership is confident in all communities that they will not tolerate any illegal, anti-social activity. Unfortunately, in the last few decades, our entire political class has mostly disappointed in this matter. The increased incidents of communal violence in the country testify to this. In such a situation, if Uttar Pradesh can write a new chapter of communal harmony, then it will be very pleasant for its economic-social progress as well as for the country. Consider, at a time when attempts are being made to create communal frenzy in some provinces of the country, at the same time, joyful news of religious brotherhood is also making headlines. Not long ago, when the news of a Muslim family donating crores of land for the Ram temple in Bihar caught everyone's attention, and just a few days ago in Kashipur, Uttarakhand, two Hindu sisters donated four bighas of land to Idgah. Done. This thread needs to be saved. Not only the governments, but also the influential and religious leaders of the society have to be careful about the incidents that tarnish the image of India all over the world. In order to check communal incidents, it is very important that there should be no hustle and bustle in fixing the responsibility of those who have committed

# Monalisa wore a short bold dress, shared the video and said - who is the one who did not look back at me

Monalisa is very active on social media. She keeps sharing her glamorous and bold photos. Now the actress has shown her Bebo avatar. Actually, Monalisa has shared a video in which she lipsyncs on the dialogue of Pooh character of Kareena Kapoor Khan's Kabhi Khushi Kabhie Gham, 'Who is this who didn't look back at me. Huh this is it.' During this, Monalisa is wearing a suit and then she is seen in a black color dress, in which she looks very glamorous. Sharing the video, Monalisa wrote, Always a fan of Bebo. Let us tell you that Monalisa carried this glamorous look for the birthday party of Rahul Mahajan's wife. Monalisa went to the party with her husband Vikrant Singh, many photos and videos of which have been shared by Monalisa on social media. Monalisa danced a lot in the party and also had a lot of fun with everyone. Out of Smart Jodi - Monalisa and Vikrant were seen together in the show Smart Jodi. The audience got to see tremendous performances about both of them in the show. However, recently the journey of both of them has come to an end. Monalisa wrote a post for the fans after getting out of the smart couple, a wonderful journey is over. We celebrate this ending to make a new beginning. Thank you Star Plus for giving such a great opportunity. We are definitely a smart couple. Thank you for giving this beautiful stage, wonderful memories and good friends. Many thanks to our fans who supported us so much. Wherever we go today, people recognize us as a smart couple and this is a big deal for us. Nazar-Monalisa will be seen in the new show In the last few days, she has been doing a lot of work in the Hindi TV industry. Till now she has worked in shows like Nazar, Nazar 2, Namak Ishq Ka and now she will be seen in the show Hasraten which is the original show of Hungama.



# Pregnant Samantha Ruth Prabhu imprisoned at unknown place, first glimpse of 'Yashoda' is full of thriller

The trailer of Ayushmann Khurrana's next film 'Anek' has been released. The issue of political confrontation in the North East has been raised in the film. The film is directed by Anubhav Sinha and has been cast by Mukesh Chhabra. The star cast of the film is looking very strong. While the trailer is getting good response from the people, there is a lot of discussion about a girl seen in it. People are searching a lot for Andrea Kevichusa, who is seen in the trailer of 'Many'. Actually, Andrea is also a model and her good acting and beauty are also visible in the trailer. So let's tell some special things about them. What is the scene of the trailer? - In the trailer of the film, there is a scene in the beginning, in which a woman slaps the girl twice and asks - is the parlor? Or Nepalese? In this scene, Andrea has amazing expressions on her face and seeing this, it is known that her acting will be good. Model is Andrea- Andrea Kevichusa hails from Nagaland and is a model. She has modeled for many projects till now. Andrea has also done a photoshoot with Bollywood actress Katrina Kaif, which is now going viral on social media. Andrea's first film- Andrea has been modeling since the age of just 15 and till now she has worked for big brands. This will be her first film as an actress. Even though Andrea is looking very scared in the trailer of the film, but in real life she is quite bold and glamorous. Andrea has shared the trailer of the film with her Instagram handle and her glamorous pictures are also present on it. Seeing the photos, it is known that she keeps modeling for clothes, makeup and jewellery.



# एटा के शिक्षक हत्याकांड की पीड़ित मां ने की सी0बी0आई0से जाँच कराने की मांग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में हुए चर्चित शिक्षक हत्याकांड की जांच 30 माह बाद भी आज तक नही सुलझी दिख रही है भले ही पुलिस ने उसका आधा अधूरा खुलासा करके अपनी संतुष्टि कर ली हो ,शिक्षक राजेश की मां ने आज जिलाधिकारी एटा अंकित अग्रवाल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा को संबोधित प्रार्थना पत्र अपर पुलिस अधीक्षक एटा को व पंजीकृत डाक से निदेशक केन्द्रीय जाँच ब्यूरो नई दिल्ली, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव गृह, को भी भेज दिया है।यहां यह बता दें कि एटानगर का सचिन चौहान शिक्षक हत्याकांड और सकतपुर ग्राम का राजेश शिक्षक हत्याकांड पूरे जिले में चर्चा का विषय रहा है। यहीं पर 30 माह बाद आज तक शिक्षक राजेश हत्याकांड की जांच उसकी मां पीड़िता अनीता देवी ने सीबीआई से कराने की निष्पक्ष मांग की है ।श्रीमती अनीता देवी ने बताया कि शिक्षक राजेश की हत्या 27-28 नवंबर 2019 की रात्रि में फांसी लगाकर हुई थी,कुछ समय बाद ही शिक्षक की पत्नी का दूसरा रूप देखने के बाद शिक्षक राजेश की मां को खुद अपनी बहू पर ही शक होने लगा, उसका चाल चलन और राजेश के मरने का गम दोनों में बहुत अंतर था। इसी बात को लेकर शिक्षक राजेश की मां श्रीमती अनीता देवी ने माननीय न्यायालय की शरण लेकर धारा 302 में मुकदमा पंजीकृत कराया था। लेकिन विवेचक ने ईमानदारी पूर्वक काम ना करके, आधी अधूरी विवेचना करके फाइल को बंद कर



दिया ।शिक्षक की मां ने विवेचक पर यह भी आरोप लगाया कि, उसने शिक्षक राजेश हत्याकांड में इस कैस में वांछितो की गिरफ्तारी भी नहीं की, और वांछितों के 161 के बयान लेकर उन्हें यूं ही छोड़ दिया गया। इधर पीड़िता का यह भी कहना है कि पुलिस और डॉक्टर के बीच इस प्रकार का षड्यंत्र किया गया ,कि पंचनामा में शिक्षक राजेश की जेब से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ, लेकिन डॉक्टर साहब को पोस्टमार्टम में एक फर्जी सुसाइड नोट लाश की जेब से मिल गया ,जब कि डॉक्टर का काम कानूनी रूप से शरीर का पोस्टमार्टम करना है मृतक की जेबो का नहीं, विवेचक ने जानबूझकर इस कैस के मुल्जिमानों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से पूरे केस को आनन-फानन में रफा-दफा करने का प्रयास किया है इसी पर पीड़िता ने प्रोटेस्ट पिटिशन डालकर माननीय न्यायालय में पूरी केस डायरी को तलब करा लिया। माननीय न्यायालय ने इस केस की पीड़िता अनीता देवी के अधिवक्ता पंकज कुमार एडवोकेट की दलीलों को सुनकर दिनांक 25 अप्रैल 2022 को पुन: विवेचना के आदेश थाना मलावन पुलिस को दिए, और पूर्व की पूरी पुलिस की जांच रिपोर्ट को खारिज कर दिया। यहां यह बता दें कि उक्त पूरे शिक्षक हत्याकांड में शिक्षक की पत्नी शीतला देवी सहित उसके पिता शिवचरन, भाई सुरेंद्र सिंह ,भाई नरेंद्र ,भाई महेंद्र और शीतला देवी का प्रेमी गुड्डू पुत्र होरीलाल 6 लोग नामजद किए गए थे ।जिसकी विवेचना विवेचक द्वारा की गई ।अभी हाल ही में जानकारी मिली है कि गुड्डू ने अपनी शादी ग्राम श्याम नगर पोस्ट मोहम्मदपुर बजेड़ा तहसील अलीगंज जिला एटा कुमारीसुषमा पुत्री राजेंद्र सिंह के साथ झूठ बोलकर गुड्डू शादी करने जा रहा है। शिक्षक हत्याकांड में वांछित गुड्डू और उसके पिता होरीलाल पूर्व के कई हत्याकांड में विचाराधीन है ।ये लोग इतने शातिर हैं कि पुलिस से षड्यंत्र करके डॉक्टर और पीएम रिपोर्ट में गड़बड़ी करा कर शीतला देवी को गुड्डू ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसके पति की हत्या कराना और हत्या कराने के बाद उसकी नौकरी को हथिया लेना गंभीर प्रकरण विचारणीय प्रश्न बनकर रह गया है। यहीं पर पीड़िता अनीता देवी के अधिवक्ता पंकज कुमार उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि उक्त प्रकरण की सीबीआई से निष्पक्ष जांच हो जाए, तो इस घटना का खुलासा हो जाएगा और पीड़िता को न्याय मिल जाएगा। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि यह घटना तथा अन्य बहुत सारी घटनाओं से स्पष्ट हो रहा है कि सरकारी कर्मचारी जिनके कि मरने से उनके विधवा बच्चों को नौकरी मिल सकती है उनकी जान खतरे में है। इसलिए हर एक हत्याकांड की जांच पुलिस की स्पेशल टीम गठित करके की जानी चाहिए या किसी जांच एजेंसी या राष्ट्रीय एजेंसी सीबीआई से की जानी चाहिए।

# हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड एटा के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से जनपदीय पुलिस को भेंट किए गए 05 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड एटा के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से जनपदीय पुलिस को भेंट किए गए 05 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, एएसपी क्राइम एटा ने हिंदुस्तान लीवर का जनपद पुलिस की ओर से किया आभार व्यक्त। कोरोना काल में पुलिस द्वारा किए गए मानवीय कार्यों से प्रेरित हो एवं कोविड-19 महामारी/ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के दृष्टिगत श्री राजेश राजदान प्रबंधक फैक्ट्री, अश्विनी महात्रे मैनेजर एचआर हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड एवं श्री अमित सोनी एग्जीक्यूटिव हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड एटा द्वारा आज दिनांक 04.05.2022 को पुलिस लाइन एटा में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेह लता,अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह ,एवं क्षेत्राधिकारी सकीट श्री विक्रांत द्विवेदी एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एटा पुलिस परिवार को 05 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा हिंदुस्तान युनिलीवर का समस्त जनपदीय पुलिस की ओर से आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर श्री हरपाल सिंह प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एटा तथा अन्य पुलिस बल उपस्थित रहा।

# आशुलिपिक ( स्टैनों ) के पद हेतु 09 मई तक करें आवेदन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सिविल जज( सी0डि0 )/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीन्द्र पाल सिंह ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार स्थायी लोक अदालत एटा के कार्यालय में एक आशुलिपिक ( स्टैनों ) के पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु दीवानी न्यायालय/ कलेक्ट्रेट के सेवा निव्त कर्मचारी जिसकी उम्र 65 वर्ष से कम हो इस पद पर भर्ती अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के द्वारा संविदा के आधार पर निश्चित मानदेय पर की जानी है। इच्छुक अर्ह अभ्यर्थी अपने प्रार्थना पत्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा को दिनांक 09 मई 2022 तक प्रस्तुत पर सकते हैं तथा साक्षात्कार दिनांक 18 मई 2022 को माननीय जनपद न्यायाधीश एटा के विश्राम कक्ष में ओगा।

# जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट कांस्टेबल/ हेड कांस्टेबल की गोष्ठी आयोजित कर उनको प्रशिक्षित किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता की अध्यक्षता में सरकार द्वारा महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं के संबंध में जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट कांस्टेबल/ हेड कांस्टेबल की गोष्ठी आयोजित कर उनको प्रशिक्षित किया गया। आज दिनांक 04.05.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती स्नेह लता की अध्यक्षता व अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सकीट/



सहायक नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्री विक्रांत द्विवेदी एवं प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एटा श्रीमती नंदिनी की उपस्थिति में पुलिस लाइन पुलिस लाइन परिसर में स्थित बहुउद्देशीय हाल मे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने तथा उनके मध्य सुरक्षा की भावना जागृत करने एवं शासन द्वारा महिलाओं के लिए संचालित कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन,उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरेसपॉडेंट सखी,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं संबंधी जानकारी हेतु जनपद के सभी थानों नियुक्त महिला बीट हेड कांस्टेबल/ कांस्टेबल की गोष्ठी आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया द्य जिसमें डॉ अवधेश कुमार बाजपेई मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में महिला बीट कांस्टेबल को जन कल्याणकारी योजनाओं की ई-बुकलेट वितरित की गई तथा जनपद स्तरीय निम्न अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी श्री मनोज त्यागी , जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री यश वर्मा, जिला दिव्यांगजन अधिकारी डॉ अजीत, जिला प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री निर्मल द्विवेदी एवं DC (NRLM/ MANREGA) श्रीमती प्रतिमा निवेश, प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर एक्ट में जमानत अर्जी की खारिज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सपा के कद्दावर नेता रामेश्वर सिंह यादव, जुगेंद्र सिंह यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गैंगस्टर एक्ट में जमानत अर्जी की खारिज एटा जिले में चल रही गैंगस्टर एक्ट के साथ-साथ और भी मामले दर्ज हैं जांच ट्रांसफर करने की अर्जी डबल बेंच ने खारिज की जांच आदि के सम्बंध में शासन से संपर्क करें -कोर्ट। दोनों भाई कुछ दिन पूर्व हुए विधानसभा चुनाव में अलग-अलग विधानसभा से आजमा चुके हैं अपनी किस्मत।

www.knlslive.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# स्वामी आत्मानन्द स्कूल के मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नवापारा, सूरजपुर के परीक्षा परिणाम में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के मेधावी छात्र-छात्राओं का स्कूल प्रबंधन ने अभिभावक समिति के उपस्थिति में स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रत्येक कक्षा के 3 छात्र, छात्राओं को स्कूल की ओर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय की ट्राफी तथा प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए आने वाले समय के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान एसएमडीसी समिति के अध्यक्ष श्री चंद्रभूषण मिश्रा व सदस्यों में सबिना मंसूरी, श्री आशीष वाटकेवार, श्री नीरज निगम सहित श्री शंभू प्रसाद निषाद एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे। इस दौरान चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जो इस प्रकार रहे कक्षा पहली की अनन्या सिंह प्रथम, सान्वी रजवाड़े द्वितीय, भूमि गुप्ता तृतीय, कक्षा दूसरी की ऋषि का गुप्ता प्रथम, मान्य सिंह द्वितीय, हरजीत कौर तृतीय, कक्षा तीसरी की योग्या राजवाड़े प्रथम, सूरज तिवारी द्वितीय, सोहम पटेल व अराध्या साहू तृतीय, कक्षा चौथी की आर्यन तिवारी प्रथम, अनुपम केरकेट्टा द्वितीय, हिमांशु चौधरी व सात्विक दुबे तृतीय, कक्षा पांचवी की अंबिका पाण्डेय प्रथम, निहाल साहू द्वितीय, साक्षी तिवारी तृतीय, कक्षा छठवीं की साधना प्रथम, भूमिका देवांगन द्वितीय, अंश तिवारी तृतीय, कक्षा सातवीं के सात्विक दुबे प्रथम, सतीश को द्वितीय, सिद्धार्थ वोटकेवार द्वितीय, अनुशंसा तिवारी तृतीय, कक्षा आठवीं की आयुष मिंज प्रथम, रणवीर विश्वकर्मा द्वितीय, आदित्य तिवारी व अनुष्का मिश्रा तृतीय, कक्षा नवमी की अनन्या द्विवेदी प्रथम, शुभांशी विवारी द्वितीय, प्रथम ठाकुर तृतीय, कक्षा ग्यारहवीं की सृष्टि साहू प्रथम, आयुष कुमार साहू द्वितीय, आयुष साहू तृतीय, कक्षा ग्यारहवीं की श्रेयांष द्विवेदी प्रथम, रोहन विश्वकर्मा द्वितीय, आदित्य सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान शिक्षक, अभिभावक सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बैठक में लगाया उपेक्षा का आरोप, कहां- अफसर चला रहे हैं सरकार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- ब्लाक कांग्रेस कमेटी भैयाथान में बुधवार को प्रदेश बूथ प्रबंधन समिति के सदस्य कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल व खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन के मुख्यातिथि व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े की अध्यक्षता में जनपद सभा कक्ष में प्रथम बैठक जोन प्रभारी व सेक्टर प्रभारियों के साथ सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थित में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खनिज निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन ने संगठनात्मक गतिविधियों पर जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता मिशन 2023 की तैयारी में अभी से ही लग जाएं। सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुचाने पर जोर दिया व पूर्व की भांति इस बार भी पार्टी को मजबूत करना है। जोन सेक्टर प्रभारियों को प्रत्येक ग्राम में जाकर बूथ कमेटी की बैठक करने को कहा और सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर पूर्व की भांति मिशन 2023 की तैयारी में एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। उद्बोधन पश्चात जब कार्यकर्ताओं का अभी मत जानने के लिए कहा गया। तो अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बैठक लेने आए नेता द्वय के सामने सरकार के कामकाजो व अधिकारी व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी। पहले तो उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी बात सुनने को तैयार नहीं है। जिला पंचायत के अफसर के द्वारा हमारे द्वारा किए गए कार्यों की राशि रोक देने को कहा गया है। अब आप ही बताए ऐसे में कार्यकर्ता कैसे खुश रहेंगे। महिला बाल विकास अधिकारी तो खुलम खुला शासन की योजनाओं की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं अगर जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई भी सुझाव दिया जाता है तो उसे भी अनसुना कर दिया जाता है तो बाइये ऐसे में कार्यकर्ता कैसे काम करे? वही राजस्व विभाग के अधिकारी तो किसी का बात सुनने को तैयार ही नही है।कार्यालय में आम जनों की भीड़ लगातार बनी रहती हैं, यहां तक कि नक्शा, खसरा, बीवन समय पर नही दिया जाता है। इनके कार्य से तो ऐसा लगता है कि मानो सरकार को गद्दी से उतार कर ही दम लेंगे।हद तो तब हो गई जब एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि लगता है कि सरकार बानने में कार्यकर्ताओं की भूमिका कम और अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण थी अगर समय रहते इन सब पर अंकुश नही लगा तो इसकी खामियाजा आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। इस दौरान रामकृष्ण ओझा,रावेंद्र प्रताप सिंह,अखिलेश प्रताप सिंह,अजय प्रताप सिंह,नूर आलम,संतोष सारथी,राजू गुप्ता,मुकेश अग्रवाल,रक्षेन्द्र प्रताप सिंह,नीरज सिंह,आशीष प्रताप सिंह,राहुल सिंह,शांतनु सिंह,प्रणय सिंह,अमितेश तिवारी,पार्थ सिंह,दिलीप जायसवाल, विनय पावले,राहुल देवांगन सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से ठप पड़े ग्रामीण अंचल में चल रहे कार्य 142461 परिवार में मिला सिर्फ 457 को रोजगार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जिले के मनरेगा कर्मचारी और अधिकारी 4 अप्रैल 2022 से हड़ताल पर हैं। मनरेगा कर्मचारी संघ की नियमितीकरण सहित दो सूत्री मांग है। अधिकारी कर्मचारियों के हड़ताल 1 माह से अधिक हो गया है जिससे जिले में 150 करोड़ से अधिक का कार्य प्रभावित होने का अनुमान है। मनरेगा से चलते प्रतिदिन जिले में हजारों लोगों को रोजगार मिलता था, लेकिन हड़ताल के चलते मनरेगा का कार्य पूरी तरह से बंद है। सूरजपुर ज़िले अंतर्गत 142461 परिवार पंजीकृत है परंतु 457 परिवार को ही रोजगार अप्रैल माह में दिया जा सका इससे मनरेगा मजदूरों में रोजगार समेत रोटी-रोटी की समस्या पैदा हो गई है मजदूर भी नरेगा कर्मचारियों का समर्थन मे कहने लगे है 5000 अल्प वेतन में कैसे चलेगा इनका परिवार। मनरेगा कर्मचारी संघ की नियमितीकरण सहित दो सूत्री मांग है। अधिकारी कर्मचारियों के हड़ताल के चलते जिले में 150 करोड़ से अधिक का कार्य प्रभावित होने का अनुमान है। मनरेगा से चलते प्रतिदिन जिले में हजारों लोगों को रोजगार मिलता था, लेकिन हड़ताल के चलते मनरेगा का कार्य पूरी तरह से बंद है। इससे मनरेगा मजदूरों में रोजगार समेत रोटी-रोटी की समस्या पैदा हो गई है। मनरेगा कर्मचारी भी अल्प वेतन से परेशान होकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। इस बार ग्राम स्तर पर कार्यरत रोजगार सहायक से लेकर तकनीकी सहायक, सहायक ग्रेड, लेखापाल, सहायक प्रोग्रामर, कार्यक्रम अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी, भृत्य सहित राज्य स्तर के मनरेगा कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके चलते मनरेगा का कार्य ठप पड़ा हुआ हैं। हड़ताल पर बैठे मनरेगा संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि सूरजपुर जिले में मनरेगा के तहत रोजाना 70 से 75 हजार लोगों को रोजगार मिलता है। जिसमें लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये का मजदूरी भुगतान होता है। लेकिन मनरेगा कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से मनरेगा के तहत होने वाले सभी कार्य पूरी तरह से बंद हैं। जिससे न तो कार्य दिवस सृजित हो रहा है और न ही लोगों को रोजगार मिल रहा है। मनरेगा के तहत जिले में 527 अधिकारी कर्मचारी हैं और सभी हड़ताल पर हैं। हड़ताल के एक माह से अधिक होने पर भी मनरेगा कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए है। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार चुनाव के समय किये गए अपने वायदे को पूर्ण करे। यह है मांग इनकी छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ की मांग है कि चुनावी जन घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए, नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्राम रोजगार सहायकों का वेतनमान निर्धारण कर समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जाए।




# छेड़छाड़ मामले का फरार प्राचार्य हुआ गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छेड़छाड़ मामले में फरार प्राचार्य को झिलमिली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने जिले का कार्यभार संभालने के बाद थाना-चौकी प्रभारियों को आपराधिक प्रकरण में फरार आरोपियों की पतासाजी करते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने कड़े निर्देश दिए थे। छात्रा के साथ छेड़खानी मामले में चन्द्रमेढ़ा स्कूल के प्राचार्य अरूण पाण्डेय के विरूद्व थाना झिलमिली में धारा 354(क)(1)(2), 509 भादवि व 3(2)(Ããè)(¥æ§ü) एससीएसटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद से ही आरोपी प्राचार्य फरार था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में गुरूवार को थाना झिलमिली की पुलिस ने फरार प्राचार्य को जरही में घेराबंदी कर पकड़ा और विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार रूपये ईनाम की उदघोषणा भी किया था। मामले की विवेचना एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के द्वारा की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कमीश्नर डॉ संजय अलंग ने मरवाही तहसील के राजस्व कार्यो का किया निरीक्षण

### किसान हितैषी बनकर किसानों की परेशानियों को दूर करना राजस्व अधिकारियों का मुख्य कार्य- कमीश्नर

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही-बिलासपुर कमिश्नर डॉ संजय अलंग द्वारा आज मरवाही तहसील में संचालित राजस्व कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा मरवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी मरवाही के राजस्व कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर डॉ संजय अलंग ने राजस्व अधिकारियों को किसान हितैषी बनकर, किसानों की परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर द्वारा राजस्व कार्यालयों में दर्ज कुल प्रकरणों की संख्या और उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई तथा संबंधित ग्रामीणों और हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित किए जाने कहा गया। उनके द्वारा अर्थदंड के प्रकरण, नक्शा बटांकन, दाण्डिक प्रकरण, डायवर्सन, भू-अर्जन के प्रकरण, डब्ल्यूबीएन के प्रकरण, बी-सीरीज, सी-सीरीज पंजी, सेवा सत्यापन, केशबुक, स्थापना, तामिली रिपोर्ट आदि राजस्व कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा कार्यालय परिसर में आने वाले किसानों तथा ग्रामीणों की समस्याओं का तेजी से निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ की संभागायुक्त ने राजस्व कार्यालयों में आए वकीलों से भी चर्चा किए, जिस पर वकीलों द्वारा अपनी-अपनी समस्याएं संभागायुक्त के सामने रखी गई तथा अनुभाग स्तर के सारे कार्य अनुभाग में ही कराए जाने की मांग की गई। इसी प्रकार कमिश्नर ने राजस्व कार्यालय में आए विभिन्न ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बिलासपुर कमिश्नर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय परिसर में शमा परवीन, कमलाबाई, विपिन राय आदि को किसान किताब वितरण तथा अन्य हितग्राहियों को नक्शा वितरण, बी-वन वितरण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर श्री बी. सी. एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही श्री देव सिंह उईके सहित समस्त राजस्व अमला उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के दौरे को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग तैयारी सुनिश्चित कर लें: कलेक्टर सुश्री चौधरी

### जनसंवाद शिविर में प्राप्त आवेदनों के लंबित प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा जिले में आकास्मिक दौरे को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री जमीनी स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सरकारी काम काज की समीक्षा के लिए जिलों का दौरा शुरू कर दिए हैं। कलेक्टर ने मैदानी अमले की मुख्यालयों में नियमित उपस्थिति, राशन दुकानों का बेहतर संचालन, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्रों में सभी सुविधाएं, धनवंतरी मेडिकल स्टोरों का संचालन सहित शासकीय काम काज में कसावट लाने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए।कलेक्टर ने सभी गौठानों में बोरवेल कराने, पंप लगाने, गोबर खरीदी, वर्मी टैंक बनाने, वर्मी कम्पोस्ट बनाने, शेड निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने वन, कृषि, उद्यानिकी विभागों से वर्मी कम्पोस्ट का उठाव कराने तथा नियमित भुगतान कराने कहा। कलेक्टर ने प्रत्येक गौठानों से दो से तीन महिला स्व सहायता समूहों को जोड़कर आजीविका मिशन के तहत आजीविका गतिविधियां संचालित कराने तथा कार्यालयीन उपयोग के लिए स्टेशनरी की खरीदी सी मार्ट से करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न समाजों द्वारा की गई भूमि मांग के लिए भूमि चिन्हित करने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर में प्राप्त आवेदनों में से निराकरण हेतु लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों द्वारा त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत गौरेला में पौनी पसारी योजना का क्रियान्वयन शुरू करने तथा सभी वार्डों में नल जल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति करने को कहा। उन्होने निर्माणाधीन सिंचाई योजनाओं में तेजी लाने, भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण एवं मुआवजा वितरण, हाट बाजारों में शेड निर्माण, हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्माणाधीन कार्यों को बरसात के पहले 15 जून तक पूर्ण करने, सौर सुजला योजना तथा पीएमजीएसवाई के तहत निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पर्यटन एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों की साफ-सफाई तथा जन सुविधा के लिए शौचालय, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था के लिए परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जन शिकायतों, समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने आरबीसी 6-4 के तहत सहायता, नामांतरण-बंटवारा, राशन दुकान, मजदूरी भुगतान, नाला सफाई, भू-अर्जन का मुआवजा, वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाने, अतिक्रमण हटाने, वन भूमि पट्टा प्रदान करने, उपचार हेतु आर्थिक सहायता, किसान क्रेडिट कार्ड, परिवार पेंशन आदि से संबंधित जनसमस्याओं-मांगो का त्वरित निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पुष्पेंद्र शर्मा एवं श्री देव सिंह उईके सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पुरस्कारों के आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई




तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री अजय पाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 हेतु विभागीय योजनाओं- मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बरेली में विगत 5 वर्ष में किसी भी उद्योग में वित्तपोषित, स्थापित इकाईयां जो निरन्तर कार्यरत हैं, उन इकाईयों हेतु पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन-पत्र में इकाई का नाम व पता, उद्योग का नाम, वित्तपोषण का वर्ष, उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार सृजन के विवरण सहित आवेदन-पत्र कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, बरेली को प्रेषण की अन्तिम तिथि 20 मई निर्धारित है। श्री अजय पाल ने बताया कि जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा चयनित उद्यमियो को मण्डल स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के उद्यमियों को पुरस्कार की धनराषि क्रमशः रू0 15,000/- ,12,000/ -एवं 10,000/- के साथ प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्राविधान है। गत वर्षों में जिन उद्यमियों को पुरस्कार प्राप्त हुये हैं उन उद्यमियों के आवेदन-पत्र पुनः स्वीकार नहीं होंगे। इच्छुक उद्यमी निर्धारित तिथि 20 मई को अपरान्ह पांच बजे तक अपना आवेदन-पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35यू/4ए रामपुर बाग, बरेली में जमा करा सकते हैं।

# तामिया मे व्यापारी संघ ने सौपा ज्ञापन लगातार दुघर्टना के चलते काफी रोश



रोशन उईके
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

छिंदवाड़ा-तामिया मे व्यापारी संघ ने सौपा ज्ञापन लगातार दुघर्टना के चलते काफी रोश व्याप्त है लेकिन सवाल यह है जहा डिवाइडर की मांग करना चाहिए आखिर स्थानीय व्यापारियों ने रोड पर अतिक्रमण कर रखा छोटे वाहन हो या व्यापारी अपना सामान रोड किनारे जमा देते जिसके चलते रोड पर अतिक्रमण वाहनों की आवाजाही मे काफी दिक्कत होती है

सभी व्यापारी डिवाइडर को लेकर चुप्पी साधे हुऐ है सिर्फ राजनीति सेकते नजर आये व्यापारी सघं जबकि देखा जाये तो डिवाइडर बनने से अतिक्रमण से लेकर दुघर्टना पर रोक लग सकती है लेकिन स्थानीय लोग गरीब व्यापारियो पर अपना रौब दिखाते नजर आये पुलिस प्रशासन भी बडे व्यापारियों के इशारे पर कार्यवाही करते नजर आये ब्लॉक कालोनी तामिया से फारेस्ट कालोनी तक डिवाईडर की मांग काफी लम्बे समय से है लेकिन व्यापारी अपने स्वार्थ के चलते यह मांग नही रख पा रहे रोड पर दूकानों के सामान,मोटरसाइकिल हो या बडे वाहन के रोड मे खडे होने से दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पुष्पेंद्र शर्मा एवं श्री देव सिंह उईके सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# अगली बार पूछूंगा नहीं, कलम चलाऊंगा, रायबरेली पहुंचे योगी सरकर के मंत्री सुरेश खन्ना ने अधिकारियों को दिखाए तेवर




अगली बार पूछूंगा नहीं, मेरी कलम में जितनी ताकत होगी उतना मै लिखूंगा। आम आदमी को हक देने में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के तेवर देख अधिकारियों के गले सूख गए। समीक्षा बैठक में बिजली विभाग, जल निगम ग्रामीण व शहरी, डीपीआरओ के साथ ही तहसीलदार निशाने पर रहे। कमिश्नर से साफ कहा कि अगर मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जमीन पैमाइश का कोई मामला पहुंचा तो वहां का तहसीलदार निलंबित होगा। आम लोगों को किसी तरह परेशान न किया जाए। गुरुवार को निरीक्षण के बाद बचत भवन में प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उनके साथ ही राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी, राज्य मंत्री जल शक्ति विभाग दिनेश खटिक, कमिश्नर रंजन कुमार, डीएम माला श्रीवास्तव, एसपी श्लोक कुमार, सीडीओ प्रभाष कुमार ने भी सहभाग किया। वहीं योजनाओं की समीक्षा में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता जैसे ही विभाग की योजनाओं का जिक्र करना शुरू किया वैसे ही कैबिनेट मंत्री श्री खन्ना ने कहा कि आपके यहां आम लोगों को कनेक्शन देने में आनाकानी की जाती है।बड़े लोगों के कनेक्शन बिन देर किए कर दिए जाते हैं इस परिपाटी को बंद कर दीजिए। आम आदमी को दौडाना छोड उनके कनेक्शन करिए, मीटर रीडिंग की शिकायतों का निस्तारण करिए। किसी को बिल गलत न दिया जाए। बिजली के तार जो गुच्छे की तरह लटक रहे हैं उसे सही कर लिया जाए। एक माह के अंदर अगर सुधार न हुआ तो अधीक्षण अभियंता साहब आपके विरुद्ध मेरी कलम में जितनी ताकत होगी उतना मै लिखूंगा।

### प्रस्ताव दें

बेलाखारा में पांच साल से बनी जल निगम की टंकी से आपूर्ति न होने पर अधिशासी अभियंत जल निगम ने बताया कि रेलवे लाइन के नीचे से पाइप जाना है उसके लिए अनुमति नहीं मिल रही है। इस पर उन्होंने कहा कि आप प्रस्ताव बनाकर जल शक्ति मंत्रालय के राज्यमंत्री दिनेश खटिक से मिलए वे उसे कराएंगे। उन्होंने दोनो ग्रामीण व शहरी जल निगम के अधिशासी अभियंता को चेतावनी देते हुए कहा कि जहां पर भी लाइन नहीं पड़ी उसके प्रस्ताव बनाकर भेजें। जहां पर सड़क खोद कर लाइन डाली जाए उसे तय समय में बनवा दें। इसमें किसी तरह की लापरवहीं नहीं होनी चाहिए।

### जमीन की पैमाइस समय से करें

समीक्षा के दौरान कैबिनेट मंत्री श्री खन्ना ने कहा कि तहसीलदार अपने कामों में सुधार लाएं। आमआदमी पैमाइश के लिए आता है उसे घुमाया जाता है लेकिन बड़े लोग पहुंचते है तो उनको बिठाकर चाय पिलाते हैं और उसकी पैमाइश हो जाती है। डीएम साहब इसको आप देखें, कमिश्नर साहब आप भी इसे देखिए अगर कोई भी पैमाइश का प्रकरण सीएम के जनता दरबार में पहुंचा तो यह मान लेना उस तहसील का तहसीलदार सीधे निलंबित होगा।

### रोस्टर बनाकर कराएं सफाई

डीपीआरओ से कहा कि गांव की सफाई के लिए रोस्टर बनाए, साथ ही यह भी देखिए कि कई सफाई कर्मी अपनी जगह पर दूसरों से काम कराते हैं और उनको दो हजार रुपये देते हैं। गांव की सफाई नहीं हो रही है यह ठीक नहीं है। जो सफाई कर्मी जहां तैनात हो वहां पर वह काम करें। यह सुनिश्चित करना आप का काम है नहीं तो कार्यवाही के लिए तैयार रहें। गांव की सफाई व्यवस्था सही की जाए अगली बार दस गांव देखूंगा, खामी मिलने पर सीधे कार्यवाही की जाएगी।

### थाने पर आने वालों से किया जाए बेहतर व्यवहार

एसपी साहब थानों पर आने वाले लोगों के साथ पुलिस द्वारा अच्छा व्यवाहर नहीं किया जा रहा है। अपराधियों की तरह ही आम लोगों के साथ व्यवहार किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य शिकायतें भी मिली जो ठीक नहीं है। इसमें सुधार लाएं अगली बार मै खुद देखूंगा।

### एक माह के अंदर हटे अतिक्रमण

कैबिनेट मंत्री श्री खन्ना ने डीएम माला श्रीवास्तव से कहा कि शहर में जिन लोगों ने नाली व सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है उन्हें दो दिन का नोटिस देने के बाद अभियान चलाकर कार्यवाही करें। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों की सड़कों के किनारे लोगों ने घूरे, गिट्टी, मौरंग व मिट्टी के ढेर लगाकर अतिक्रमण कर रखा है। इन्हें चिन्हित करते हुए एक माह के अंदर इन्हें हटवाएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

### दवा प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश

किसान नेता रमेश बहादुर सिंह ने कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना से बचत भवन में मुलाकात की। उन्हें लालगंज सीएचएसी में जलाई गई दवाओं के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच में दोषी पाए लोगों के विरुद्ध कार्रवाही की मांग की। साथ ही जांच रिपोर्ट के साथ ही सीएचसी प्रभारी समेत पांच के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। इस पर कैबिनेट मंत्री ने डीएम व सीएमओ को रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही एक अन्य प्रकरण में शासन स्तर पर बात करने की बात कही।

### त्वरित कार्यवाही पर खुश हुए मंत्री

कैबिनेट मंत्री ने निरीक्षण के दौरान सुबह ईओ को बस स्टेशन के पास पड़े मलवे को हटाने के लिए दो बजे तक का समय दिया था। दो बजते ही मंत्री का काफिला फिर बस स्टेशन पहुंच गया। जब वहां मंत्री पहुंचे तो मलवा साफ मिला। इस पर कैबिनेट मंत्री ने ईओ अशीष सिंह की पीठ थपथपाते हुए कहा कि समय रहते इन कामों को किया जाए जिससे शहर साफ रहे और लोगों को दिक्कत भी न हो।

# आजम खां की जमानत पर सुनवाई पूरी, 3 घंटे चली बहस के बाद फैसला सुरक्षित



सपा नेता आजम खां जेल से बाहर आएंगे या अभी वहीं रहेंगे, इस पर सस्पेंस गुरुवार को भी बरकरार रहा। उनकी जमानत पर गुरुवार को भी फैसला नहीं हो सका। शत्रु संपत्ति के मामले में उनकी जमानत को लेकर हाईकोर्ट में तीन घंटे तक दोनों तरफ से बहस हुई। दोपहर बाद 3.50 से शाम 6.42 तक चली बहस सुनने के बाद जस्टिस राहुल चतुर्वेदी की अदालत ने फैसला सुरक्षित कर लिया है।आजम के खिलाफ दर्ज कुल 72 मामलों में 71 में उन्हें जमानत मिल चुकी है। अब केवल शत्रु संपत्ति के मामले में जमानत मिलनी बाकी है। अगर उनके पक्ष में फैसला आता है तो वह जेल से बाहर आ जाएंगे। आजम के खिलाफ यह केस 2019 में अजीमनगर थाने में दर्ज कराया गया था। आजम पर आरोप है कि उन्होंने शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर उसे जौहर यूनिवर्सिटी में मिला लिया है। शत्रु संपत्ति पर कब्जे के आरोपों से संबंधित इस मामले में वैसे तो पिछले साल दिसंबर में ही सुनवाई पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसला भी रिजर्व रख लिया था। यूपी सरकार ने इस केस में कुछ नए तथ्य पेश करने के लिए कोर्ट से समय मांगा था। गुरुवार को आजम के वकीलों की तरफ से दलील दी गई कि जमीन को निजी हित में नहीं कब्जा किया गया है। 29 अप्रैल को यूपी सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर दिया था। उस पर आजम की ओर से प्रत्युत्तर शपथपत्र दाखिल करने का समय दिया गया था। इसी मामले में बुधवार को सुनवाई की तारीख तय थी लेकिन ईद के कारण दो मई को भी अवकाश होने पर चीफ जस्टिस के आदेश से बुधवार को दो मई के मामलों की सुनवाई हुई। इसके बाद गुरुवार को चार और पांच मई के मामलों की सुनवाई हुई।


## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

## अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM